नगर परिषदों में बढ़ते भ्रष्टाचार के मामले

***45 श्री. चिरंजीव राव (रेवाड़ी)**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या तथ्य है कि गत् 9 वर्षों के दौरान राज्य की नगर परिषदों में भ्रष्टाचार बढा है:

(ख) राज्य में भ्रष्टाचार को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(ग) गत् 8 वर्षों के दौरान रेवाड़ी नगर परिषद में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के कितने मामले दर्ज किए गए हैं।

डॉ. कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

(क) नही, श्रीमान।

(ख) राज्य सरकार ने प्राधिकार के दुरुपयोग को रोकने के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित किया है। इसके अलावा, भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी शिकायत पर अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाती है।

(ग) नगर परिषद रेवाडी की रिपोर्ट अनुसार, पिछले 8 वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरुग्राम द्वारा एफ0आई0आर संख्या. 005 दिनांक 29.03.2022 के माध्यम से नगर परिषद रेवाडी के अधिकारियों के खिलाफ केवल एक मामला दर्ज किया गया है।